Drishti IAS Presents...

PT SPRINT 2022

विविध

(जनवरी 2021 – मार्च 2022)

Detailed Explanation

Drishti IAS, 641, Mukherjee Nagar, Opp. Signature View Apartment, New Delhi

Drishti IAS, 21 Pusa Road, Karol Bagh New Delhi - 05

Drishti IAS, Tashkent Marg, Civil Lines, Prayagraj, Uttar Pradesh

Drishti IAS, Tonk Road, Vasundhra Colony, Jaipur, Rajasthan

e-mail: englishsupport@groupdrishti.com, Website: www.drishtiias.com

Contact: 011430665089, 7669806814, 8010440440

उत्तर

1.

उत्तर: A

व्याख्या:

- परम वीर चक्र:
  - यह भारत का सर्वोच्च सैन्य अलंकरण है, जो युद्ध (चाहे वह जमीन पर हो, समुद्र में या हवा में) के दौरान वीरता के विशिष्ट कार्यों को प्रदर्शित करने के लिये दिया जाता है। अत: युग्म 1 सही है।
- अशोक चक्र:
  - यह शांतिकाल के दौरान वीरता, साहसिक कार्रवाई या बलिदान के लिये सर्वोच्च सैन्य पुरस्कार है।
  - यह शांतिकाल में विशिष्ट बहादुरी या किसी अन्य साहस या वीरता या आत्म-बलिदान से संबंधित कार्य करने के लिये प्रदान किया जाता है। अत: युग्म 2 सही है।
- सेना पदक:
  - यह थलसेना में कर्तव्य के प्रति असाधारण समर्पण या साहस के कार्यों के लिये दिया जाता है। अत: युग्म 3 सही नहीं है।

2.

उत्तर: B

व्याख्या:

- पद्म पुरस्कारों की घोषणा प्रतिवर्ष गणतंत्र दिवस (26 जनवरी) को की जाती है।
  - वर्ष 1954 में स्थापित यह भारत के सर्वोच्च नागरिक सम्मानों में से एक है।
- यह ऐसी सभी विषयों/गतिविधियों के क्षेत्रों में उपलब्धियों की पहचान करता है, जिनमें सार्वजनिक सेवा का तत्त्व शामिल हो।
  - ये पुरस्कार तीन श्रेणियों में दिये जाते हैं:
    - पद्म विभूषण (असाधारण और विशिष्ट सेवा के लिये)
    - पद्म भूषण (उच्च क्रम की विशिष्ट सेवा)
    - पद्म श्री (प्रतिष्ठित सेवा)
  - पद्म भूषण और पद्म श्री के बाद पद्म पुरस्कारों के पदानुक्रम में पद्म विभूषण सर्वोच्च है।
- संबंधित क्षेत्र:
  - ये पुरस्कार विभिन्न विषयों/गतिविधियों के क्षेत्रों में दिये जाते हैं, जैसे- कला, सामाजिक कार्य, सार्वजनिक मामले, विज्ञान और इंजीनियरिंग, व्यापार व उद्योग, चिकित्सा, साहित्य एवं शिक्षा, खेल, सिविल सेवा आदि। अत: कथन 2 सही है।
- चयन प्रक्रिया:
  - पद्म पुरस्कार समिति: ये पुरस्कार 'पद्म पुरस्कार समिति' द्वारा की गई सिफारिशों के आधार पर प्रदान किये जाते हैं, जिसका गठन प्रतिवर्ष प्रधानमंत्री द्वारा किया जाता है। अत: कथन 3 सही है।
  - राष्ट्रपति द्वारा प्रदत: ये पुरस्कार भारत के राष्ट्रपति द्वारा आमतौर पर प्रतिवर्ष मार्च/अप्रैल के महीने में प्रदान किये जाते हैं। अत: कथन 1 सही नहीं है।

3.

उत्तर: B

व्याख्या:

- शीतकालीन ओलंपिक उन खेलों की प्रमुख प्रतियोगिता है जो बर्फ पर खेले जाते हैं।
  - यह प्रत्येक चार वर्ष में आयोजित की जाती है और इसमें दुनिया भर के प्रतिभागी शामिल होते हैं।
- पहला शीतकालीन ओलंपिक वर्ष 1924 में फ्राँस के शैमॉनिक्स में आयोजित किया गया था।
  - शीतकालीन खेलों को प्रारंभ में ग्रीष्मकालीन ओलंपिक के दौरान ही खेला जाता था, वर्ष 1908 के लंदन ओलंपिक में चार स्केटिंग स्पर्द्धाओं की मेज़बानी की गई और वहीं एंटवर्प में 1920 में आयोजित ओलंपिक में स्केटिंग के साथ-साथ आइस हॉकी को भी शामिल किया गया।
  - हालाँकि वर्ष 1924 में शीतकालीन खेलों के लिये एक अलग कार्यक्रम शुरू किया गया, जिसे 'अंतर्राष्ट्रीय शीतकालीन खेल सप्ताह' कहा जाता है।
- दो वर्ष बाद 'शैमॉनिक्स' में 'अंतर्राष्ट्रीय शीतकालीन खेल सप्ताह' को आधिकारिक तौर पर पहले शीतकालीन ओलंपिक खेलों के रूप में मान्यता दी गई।
  - शीतकालीन ओलंपिक खेलों का इस वर्ष का संस्करण 4 फरवरी से 20 फरवरी, 2022 तक बीजिंग, चीन में आयोजित किया जाएगा।
  - भारत वर्ष 1964 से शीतकालीन ओलंपिक में भाग ले रहा है। अत: विकल्प B सही है।

4.

उत्तर: D

व्याख्या:

मेदराम जात्रा:

- कुंभ मेले के बाद मेदराम जात्रा भारत का दूसरा सबसे बड़ा मेला है। अत: कथन 1 सही है।

- यह तेलंगाना के दूसरे सबसे बड़े जनजातीय समुदाय- कोया जनजाति द्वारा चार दिनों तक मनाया जाता है। अत: कथन 3 सही है।
- मेदराम जात्रा को 'सम्मक्का सरलम्मा जात्रा' के नाम से भी जाना जाता है।
- यह एक आदिवासी त्योहार है जो एक अन्यायपूर्ण कानून के खिलाफ शासकों के विरुद्ध एक माँ और बेटी, सम्मक्का व सरलम्मा की लड़ाई का प्रतीक है।
- यह तेलंगाना राज्य में मनाया जाता है। यह वारंगल ज़िले के तड़वई मंडल के मेदराम गाँव से प्रारंभ होता है।
    - मेदराम एतुर्नगरम वन्यजीव अभयारण्य में एक दूरस्थ स्थान है, जो दंडकारण्य का एक हिस्सा है, यह इस क्षेत्र का सबसे बड़ा जीवित वन क्षेत्र है।
- यह दो साल में एक बार "माघ" (फरवरी) के महीने में पूर्णिमा के दिन मनाया जाता है।
- लोग अपने वज़न के बराबर मात्रा में देवी-देवताओं को बंगारम/ बेल्लम (गुड़) चढ़ाते हैं और गोदावरी नदी की सहायक नदी जम्पन्ना वागु में पवित्र स्नान करते हैं।
- इसे वर्ष1996 में एक राज्य महोत्सव घोषित किया गया था। अत: कथन 2 सही है।

5.

उत्तर: D

व्याख्या

- वर्ष 1971 में भारत-पाकिस्तान युद्ध के दौरान ऑपरेशन ट्राइडेंट में भारतीय नौसेना के जवाबी हमले को चिह्नित करने के लिये प्रतिवर्ष 4 दिसंबर को 'भारतीय नौसेना दिवस' मनाया जाता है।
    - यह वर्ष 1971 में भारत-पाकिस्तान युद्ध के दौरान कराची बंदरगाह पर भारतीय नौसेना द्वारा किया गया जवाबी हमला था।
    - भारत ने इस ऑपरेशन के दौरान पहली बार एंटी-शिप मिसाइलों का इस्तेमाल किया और पाकिस्तानी विध्वंसक जहाज़ 'पीएनएस खैबर' को नष्ट कर दिया था। अत: कथन 1 सही है।
- भारतीय नौसेना की अध्यक्षता सर्वोच्च कमांडर के रूप में भारत के राष्ट्रपति करते हैं। अत: कथन 2 सही है।
- भारतीय नौसेना का आदर्श वाक्य है- 'शं नो वरुण:' अर्थात् 'जल के देवता वरुण हमारे लिये शुभ हों।' अत: कथन 3 सही है।

6.

उत्तर: A

व्याख्या

- वर्ल्ड प्रोग्राम फॉर एक्शन (WPA): यह विकलांगता की रोकथाम, पुनर्वास और अवसरों की समानता को बढ़ावा देने हेतु एक वैश्विक रणनीति है, जो विकलांगता को सामाजिक जीवन तथा राष्ट्रीय विकास के दृष्टिकोण से देखने की आवश्यकता पर भी बल देता है। 'वर्ल्ड प्रोग्राम फॉर एक्शन' दिव्यांगता को मानवाधिकार के दृष्टिकोण से देखने की आवश्यकता पर भी ज़ोर देता है। अत: विकल्प A सही है।

7.

उत्तर: D

व्याख्या:

- विकासशील देशों के युवा गणितज्ञों के लिये रामानुजन पुरस्कार वर्ष 2005 से प्रतिवर्ष प्रदान किया जाता है। अत: कथन 1 सही है।
    - यह पुरस्कार, 'अब्दुस सलाम इंटरनेशनल सेंटर फॉर थियोरेटिकल फिज़िक्स' (ICTP) द्वारा भारत सरकार के 'विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग' (DST) तथा अंतर्राष्ट्रीय गणितीय संघ (IMU) के साथ संयुक्त रूप से प्रदान किया जाता है।
        - विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग ने वर्ष 2014 से इस पुरस्कार के लिये फंड देने पर सहमति व्यक्त की है। अत: कथन 2 सही है।
        - DST द्वारा इसका समर्थन गणित में प्रतिभाशाली श्रीनिवास रामानुजन की स्मृति में किया गया है जिन्होंने अदीर्घवृत्तीय कार्यों, निरंतर कार्य, अनंत श्रृंखला तथा संख्याओं के विश्लेषणात्मक सिद्धांत में शानदार योगदान दिया था।
- यह पुरस्कार प्रत्येक वर्ष 31 दिसंबर को विकासशील देश के उस शोधकर्त्ता को प्रदान किया जाता है, जिसकी आयु पुरस्कार प्रदान किये जाने वाले वर्ष तक 45 वर्ष से कम हो और जिसने एक विकासशील देश में उत्कृष्ट शोध किया है।
- गणितीय विज्ञान की किसी भी शाखा में काम करने वाले शोधकर्त्ता इसके पात्र हैं। अत: कथन 3 सही है।
- इसमें 15,000 अमेरिकी डॉलर का नकद पुरस्कार दिया जाता है।

8.

उत्तर: A

व्याख्या:

- हर वर्ष 21 दिसंबर से 29 जनवरी तक कश्मीर में चिल्लाई कलां सबसे कठोर सर्दियों की अवधि है।
- 'चिल्लाई कलां' एक फारसी शब्द है जिसका अर्थ है 'बड़ी सर्दी'।
- चिल्लाई कलां के बाद 20 दिन की लंबी चिल्लाई खुर्द (छोटी सर्दी) होती है जो 30 जनवरी से 18 जनवरी तक होती है और इसके बाद 10 दिनों तक चलने वाली चिल्लाई बच्चा (बेबी कोल्ड) अवधि जो 19 फरवरी से 28 फरवरी तक होती है।
- 40 दिनों की अवधि कश्मीरियों के लिये बहुत कठिनाइयाँ लेकर आती है क्योंकि इस दौरान तापमान में भारी गिरावट आती है, जिससे यहाँ की प्रसिद्ध डल झील सहित जलाशय जम जाते हैं।

- इन 40 दिनों के दौरान बर्फबारी की संभावना सबसे अधिक होती है और तापमान में काफी गिरावट आती है। घाटी में न्यूनतम तापमान हिमांक बिंदु से नीचे बना होता है।

9.

उत्तर: C

व्याख्या:

विश्व बैंक

- परिचय:
  - अंतर्राष्ट्रीय पुनर्निर्माण और विकास बैंक (IBRD) तथा अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (IMF) की स्थापना एक साथ वर्ष 1944 में अमेरिका के न्यू हैम्पशायर में ब्रेटन वुड्स सम्मेलन के दौरान हुई थी।
  - अंतर्राष्ट्रीय पुनर्निर्माण और विकास बैंक (IBRD) को ही विश्व बैंक के रूप में जाना जाता है। अत: कथन 1 सही है।
  - विश्व बैंक समूह विकासशील देशों में गरीबी को कम करने और साझा समृद्धि का निर्माण करने वाले स्थायी समाधानों के लिये काम कर रहे पाँच संस्थानों की एक अनूठी वैश्विक साझेदारी है।
- सदस्य:
  - 189 देश इसके सदस्य हैं।
  - भारत भी एक सदस्य देश है।
- प्रमुख रिपोर्ट:
  - ईज़ ऑफ डूइंग बिज़नेस (हाल ही में प्रकाशन बंद कर दिया गया)।
  - ह्यूमन कैपिटल इंडेक्स।
  - वर्ल्ड डेवलपमेंट रिपोर्ट। अत: कथन 2 सही है।
- पाँच प्रमुख संस्थान
  - अंतर्राष्ट्रीय पुनर्निर्माण और विकास बैंक (IBRD)
  - अंतर्राष्ट्रीय विकास संघ (IDA)
  - अंतर्राष्ट्रीय वित्त निगम (IFC)
  - बहुपक्षीय निवेश गारंटी एजेंसी (MIGA)
  - निवेश विवादों के निपटारे के लिये अंतर्राष्ट्रीय केंद्र (ICSID)
    - भारत इसका सदस्य नहीं है।

10.

उत्तर: C

व्याख्या:

- हाल ही में युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय द्वारा राष्ट्रीय खेल पुरस्कार 2021 की घोषणा की गई जिसमें केंद्र सरकार द्वारा भारत के खिलाड़ियों को दिये जाने वाले छह अलग-अलग पुरस्कार शामिल हैं। जो इस प्रकार है-

  - मेजर ध्यानचंद खेल रत्न पुरस्कार: इस पुरस्कार को पहले राजीव गांधी खेल रत्न पुरस्कार के रूप में जाना जाता था, यह भारत में किसी खिलाड़ी को दिया जाने वाला सर्वोच्च खेल सम्मान है और इसे वर्ष 1991-92 में स्थापित किया गया था। अत: युग्म 1 सुमेलित नहीं है।
    - यह विगत चार वर्षों की अवधि में किसी खिलाड़ी द्वारा खेल के क्षेत्र में शानदार एवं सबसे उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिये दिया जाने वाला सर्वोच्च खेल पुरस्कार है।
  - अर्जुन पुरस्कार: इसे वर्ष 1961 में भारत सरकार द्वारा राष्ट्रीय खेल आयोजनों में उत्कृष्ट उपलब्धि को मान्यता देने के लिये स्थापित किया गया था।
    - यह विगत चार वर्षों की अवधि में अच्छे प्रदर्शन और नेतृत्व, खेल भावना एवं अनुशासन की भावना बनाए रखने वाले खिलाडियों को दिया जाता है।
  - द्रोणाचार्य पुरस्कार: इसे वर्ष 1985 में भारत सरकार द्वारा खेलों में उत्कृष्ट प्रशिक्षण को मान्यता देने के लिये स्थापित किया गया था।
    - यह कोचों को सुसंगत आधार पर उत्कृष्ट और मेधावी कार्य करने और खिलाड़ियों को अंतर्राष्ट्रीय आयोजनों में उत्कृष्ट स्थान प्राप्त करने में सक्षम बनाने के लिये दिया जाता है।
  - ध्यानचंद पुरस्कार: इस पुरस्कार की शुरुआत वर्ष 2002 में हुई थी। इस पुरस्कार के विजेता को ध्यानचंद की एक प्रतिमा, एक प्रमाण पत्र, औपचारिक पोशाक और 10 लाख रुपए का नकद पुरस्कार दिया जाता है।
    - यह उन खिलाड़ियों को सम्मानित करने के लिये दिया जाता है जिन्होंने अपने प्रदर्शन से खेल में योगदान दिया है और सेवानिवृत्ति के बाद भी खेल आयोजनों को बढ़ावा देने में योगदान देना जारी रखा है।
  - मौलाना अबुल कलाम आज़ाद ट्राफी: इसकी स्थापना वर्ष 1956-57 में हुई थी।
    - यह विश्वविद्यालय स्तर के खेल प्रदर्शन के लिये दी जाती है। अत: युग्म 2 सही सुमेलित है।
    - यह विगत एक वर्ष की अवधि में 'अंतर-विश्वविद्यालयी टूर्नामेंटों में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन' करने वाले विश्वविद्यालय को दी जाती है।
  - राष्ट्रीय खेल प्रोत्साहन पुरस्कार: इसकी स्थापना वर्ष 2009 में हुई थी।
    - यह उन कॉरपोरेट संस्थाओं (निजी और सार्वजनिक दोनों क्षेत्रों में), खेल नियंत्रण बोर्डों, राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर खेल निकायों सहित गैर-सरकारी संगठनों को दिया जाता है जिन्होंने खेलों के प्रोत्साहन और विकास के क्षेत्र में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई है। अत: युग्म 3 सही सुमेलित है।

11. .

उत्तर: A

व्याख्या:

- वियना वर्गीकरण (VCL) एक अंतर्राष्ट्रीय वर्गीकरण प्रणाली है जिसे वर्ष 1973 में वियना समझौते द्वारा स्थापित किया गया था, जो मार्क्स/चिह्नों के आलंकारिक तत्त्वों का एक अंतर्राष्ट्रीय वर्गीकरण स्थापित करता है और विश्व बौद्धिक संपदा संगठन (WIPO) द्वारा प्रशासित है।
    - WIPO संयुक्त राष्ट्र की सबसे पुरानी एजेंसियों में से एक है इसका मुख्यालय जिनेवा, स्विट्ज़रलैंड में है।
- इसमें एक पदानुक्रमित प्रणाली होती है जो सामान्य से विशेष तक आगे बढ़ती है, जो अंकों के आलंकारिक तत्त्वों को उनके आकार के आधार पर श्रेणियों, विभागों और वर्गों में वर्गीकृत करती है।
- अत: विकल्प A सही है।

12.

उत्तर: B

व्याख्या:

- पद्म पुरस्कारों की घोषणा प्रतिवर्ष गणतंत्र दिवस (26 जनवरी) को की जाती है।
    - वर्ष 1954 में स्थापित यह भारत के सर्वोच्च नागरिक सम्मानों में से एक है।
- यह ऐसी सभी विषयों/गतिविधियों के क्षेत्रों में उपलब्धियों की पहचान करता है, जिनमें सार्वजनिक सेवा का तत्त्व शामिल हो।
    - ये पुरस्कार तीन श्रेणियों में दिये जाते हैं:
        - पद्म विभूषण (असाधारण और विशिष्ट सेवा के लिये)
        - पद्म भूषण (उच्च क्रम की विशिष्ट सेवा)
        - पद्म श्री (प्रतिष्ठित सेवा)
    - पद्म भूषण और पद्म श्री के बाद पद्म पुरस्कारों के पदानुक्रम में पद्म विभूषण सर्वोच्च है।
- संबंधित क्षेत्र:
    - ये पुरस्कार विभिन्न विषयों/गतिविधियों के क्षेत्रों में दिये जाते हैं, जैसे- कला, सामाजिक कार्य, सार्वजनिक मामले, विज्ञान और इंजीनियरिंग, व्यापार व उद्योग, चिकित्सा, साहित्य एवं शिक्षा, खेल, सिविल सेवा आदि। अत: कथन 2 सही है।
- चयन प्रक्रिया:
    - पद्म पुरस्कार समिति: ये पुरस्कार 'पद्म पुरस्कार समिति' द्वारा की गई सिफारिशों के आधार पर प्रदान किये जाते हैं, जिसका गठन प्रतिवर्ष प्रधानमंत्री द्वारा किया जाता है। अत: कथन 3 सही है।
    - राष्ट्रपति द्वारा प्रदत: ये पुरस्कार भारत के राष्ट्रपति द्वारा आमतौर पर प्रतिवर्ष मार्च/अप्रैल के महीने में प्रदान किये जाते हैं। अत: कथन 1 सही नहीं है।

13.

उत्तर: B

व्याख्या

- शांति, निरस्त्रीकरण और विकास के लिये 'इंदिरा गांधी पुरस्कार' की स्थापना वर्ष 1986 में 'इंदिरा गांधी मेमोरियल ट्रस्ट' द्वारा पूर्व प्रधानमंत्री की स्मृति में की गई थी। अत: कथन 1 सही नहीं है।
- इसमें एक प्रशस्ति पत्र के साथ 25 लाख रुपए का मौद्रिक पुरस्कार शामिल है।
- यह पुरस्कार उन व्यक्तियों या संगठनों को दिया जाता है, जो अंतर्राष्ट्रीय शांति और विकास सुनिश्चित करने के लिये काम करते हैं, यह सुनिश्चित करता है कि वैज्ञानिक खोजों का उपयोग स्वतंत्रता और बेहतर मानवता के दायरे को आगे बढ़ाने तथा एक नई अंतर्राष्ट्रीय आर्थिक व्यवस्था के लिये किया जाए।
- हाल ही में एक नागरिक समाज संगठन- 'प्रथम' को वर्ष 2021 के लिये शांति, निरस्त्रीकरण और विकास हेतु 'इंदिरा गांधी पुरस्कार' से सम्मानित किया गया है। अत: कथन 2 सही है।

14.

उत्तर: (c)

व्याख्या:

- स्वतंत्रता के बाद भारत सरकार द्वारा 26 जनवरी, 1950 को प्रारंभिक तीन वीरता पुरस्कार- परम वीर चक्र, महावीर चक्र और वीर चक्र स्थापित किये गए थे, जिन्हें 15 अगस्त, 1947 से प्रभावी माना गया। अत: कथन 1 सही नहीं है।
- परम वीर चक्र भारत का सर्वोच्च सैन्य अलंकरण है, जो युद्ध (चाहे वह ज़मीन पर हो, समुद्र में या हवा में) के दौरान वीरता के विशिष्ट कार्यों को प्रदर्शित करने के लिये दिया जाता है। अत: कथन 2 सही नहीं है।
- महावीर चक्र ज़मीन पर, समुद्र में या हवा में दुश्मन की उपस्थिति में विशिष्ट वीरता के कार्यों के लिये दिया जाने वाला दूसरा सर्वोच्च वीरता पुरस्कार है।
- अशोक चक्र शांतिकाल के दौरान वीरता, साहसिक कार्रवाई या बलिदान के लिये दिया जाने वाला सर्वोच्च सैन्य पुरस्कार है। अत: कथन 3 सही है।

15.

उत्तर: D

व्याख्या:

भारत में 5-स्टार रेटिंग कचरा मुक्त शहर:

- कचरा मुक्त शहरों के स्टार रेटिंग प्रोटोकॉल के तहत 9 शहरों को 5-स्टार शहरों के रूप में प्रमाणित किया गया, जबकि 143 शहरों को 3-स्टार के रूप में प्रमाणित किया गया।
  - आवास और शहरी मामलों के मंत्रालय (MoHUA) द्वारा स्टार रेटिंग प्रोटोकॉल वर्ष 2018 में शुरू किया गया था ताकि शहरों को कचरा मुक्त करने हेतु एक तंत्र को संस्थागत रूप दिया जा सके और शहरों को स्थायी स्वच्छता के उच्च स्तर को प्राप्त करने के लिये प्रेरित किया जा सके।
- कुल 9 शहरों- इंदौर, सूरत, नई दिल्ली नगर पालिका परिषद, नवी मुंबई, अंबिकापुर, मैसूर, नोएडा, विजयवाड़ा और पाटन को 5-स्टार शहरों के रूप में प्रमाणित किया गया है। अत: विकल्प D सही है।

16.

उत्तर: C

व्याख्या

- सर्वोच्च शांतिकालीन वीरता पुरस्कार:
  - अशोक चक्र:
    - यह शांतिकाल के दौरान वीरता, साहसिक कार्रवाई या बलिदान के लिये सर्वोच्च सैन्य पुरस्कार है।
    - यह शांतिकाल में विशिष्ट बहादुरी या किसी अन्य साहस या वीरता या आत्म-बलिदान से संबंधित कार्य करने के लिये प्रदान किया जाता है।
  - कीर्ति चक्र:
    - यह दूसरा सर्वोच्च शांतिकालीन वीरता पुरस्कार है और शांति काल में साहसिक कार्रवाई करने या आत्म-बलिदान के लिये दिया जाता है।
  - शौर्य चक्र:
    - यह असाधारण वीरता के लिये सशस्त्र बलों के कर्मियों को प्रदान किया जाता है।
- परमवीर चक्र: यह भारत का सर्वोच्च सैन्य अलंकरण है, जो युद्ध (चाहे वह ज़मीन पर हो, समुद्र में या हवा में) के दौरान वीरता के विशिष्ट कार्यों को प्रदर्शित करने के लिये दिया जाता है। अत: विकल्प C सही है।

17.

उत्तर: B

व्याख्या:

- पद्म पुरस्कारों की घोषणा प्रतिवर्ष गणतंत्र दिवस (26 जनवरी) पर की जाती है।
  - वर्ष 1954 में स्थापित यह पुरस्कार संक्षिप्त रूप से वर्ष 1978, वर्ष 1979 और वर्ष 1993 से वर्ष 1997 के दौरान निलंबित हुआ।
  - यह भारत के सर्वोच्च नागरिक सम्मानों में से एक है।
- पद्म पुरस्कार समिति: ये पुरस्कार 'पद्म पुरस्कार समिति' द्वारा की गई सिफारिशों के आधार पर प्रदान किये जाते हैं, जिसका गठन हर वर्ष प्रधानमंत्री द्वारा किया जाता है। अत: कथन 1 सही नहीं है।
- राष्ट्रपति द्वारा प्रदत्त: ये पुरस्कार भारत के राष्ट्रपति द्वारा आमतौर पर हर वर्ष मार्च/अप्रैल के महीने में प्रदान किये जाते हैं। अत: कथन 2 सही है।

18.

उत्तर: D

व्याख्या

- गिलोय (टिनोस्पोरा कॉर्डिफोलिया) पेड़ों के सहारे बढ़ने वाली एक झाड़ी है।
  - यह आयुर्वेदिक चिकित्सा में एक आवश्यक जड़ी-बूटी है और इसके सभी भागों को स्वास्थ्य के लिये लाभकरी माना जाता है।
  - यह दक्षिण-पूर्व एशिया तथा भारत के उत्तर-पूर्वी क्षेत्र में व्यापक रूप से पाया जाता है।
- गुण
  - हेपाटोप्रोटेक्टिव: गिलोय में हेपेटोप्रोटेक्शन या एंटी हेपेटोटॉक्सिसिटी गुण मौजूद हैं, जो लीवर को नुकसान से बचाता है।
  - कार्डियोप्रोटेक्टिव: गिलोय ग्लूकोरोनाइड और कोलेस्ट्रॉल को रोककर लिपिड चयापचय को नियंत्रित करता है और इसके एंटीऑक्सीडेंट गुणों के साथ दिल को रोधगलन से भी बचाता है।
    - रोधगलन का आशय प्रभावित क्षेत्र में अपर्याप्त रक्त आपूर्ति के कारण ऊतक की मृत्यु से है।
  - न्यूरोप्रोटेक्टिव: यह मस्तिष्क के ऊतकों की एंटीऑक्सीडेंट एंजाइम प्रणाली को नियंत्रित करता है और डोपामिनर्जिक न्यूरॉन्स को संरक्षित करता है।
  - श्वसन संबंधी बिमारियों की रोकथाम: गिलोय को पारंपरिक रूप से ब्रोंकाइटिस और खाँसी जैसी बीमारियों के इलाज के लिये पसंद किया जाता है। अत: विकल्प D सही है।

19.

उत्तर: B

व्याख्या:

- रसायन विज्ञान में 2021 का नोबेल पुरस्कार बेंजामिन लिस्ट और डेविड मैकमिलन को असममित ऑर्गेनोकैटलिसिस (Asymmetric Organocatalysis) के विकास के लिये दिया गया। अत: युग्म 1 सुमेलित नहीं है।
- अर्थशास्त्र के क्षेत्र में 2021 के नोबेल पुरस्कार का आधा हिस्सा कनाडा में जन्मे डेविड कार्ड (David Card) को दिया गया है और दूसरा आधा हिस्सा इज़रायल-अमेरिकी जोशुआ डी एंग्रिस्ट (Joshua D Angrist) तथा डच-अमेरिकी गुइडो डब्ल्यू इम्बेन्स (Guido W Imbens) को संयुक्त रूप से दिया गया है। अत: युग्म 2 सही सुमेलित है।
- साहित्य में 2021 का नोबेल पुरस्कार उपन्यासकार अब्दुलराजाक गुरनाह को "उपनिवेशवाद के प्रभावों और संस्कृतियों एवं महाद्वीपों के बीच की खाई में शरणार्थी के भाग्य हेतु अडिग और करुणामय पैठ के लिये" प्रदान किया गया है। अत: युग्म 3 सही सुमेलित नहीं है।

20.

उत्तर: A

व्याख्या:

अर्थशॉट पुरस्कार

- यह पुरस्कार जलवायु संकट से मुकाबला करने हेतु समाधान विकसित करने के लिये वर्ष 2021 और वर्ष 2030 के बीच पाँच फाइनलिस्ट्स को दिया जाएगा। अत: कथन 1 सही है।
- प्रत्येक वर्ष पाँच संयुक्त राष्ट्र सतत् विकास लक्ष्यों (SDGs) में से प्रत्येक के लिये पाँच विजेताओं का चयन किया जाएगा, ये हैं:
  - प्रकृति की बहाली और संरक्षण
  - स्वच्छ वायु
  - महासागर पुनरुद्धार
  - अपशिष्ट-मुक्त जीवन
  - जलवायु कार्यवाही

21.

उत्तर: B

व्याख्या:

- हाल ही में केरल ने 'सस्टेनेबल ट्रांसपोर्ट सिस्टम अवार्ड' जीता है।
  - यह पुरस्कार आवास और शहरी मामलों के मंत्रालय द्वारा दिया जाएगा।
- यह पुरस्कार भारत के विभिन्न राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों में परिवहन सुविधाओं को मान्यता देने के लिये प्रदान किया जाता है।
- यह पुरस्कार कोच्चि शहर को कोच्चि मेट्रो, वाटर मेट्रो (मेट्रो के जैसे ही समान अनुभव के साथ जल कनेक्टिविटी) और ई-मोबिलिटी जैसे कार्यान्वित परियोजनाओं की परिवहन सुविधाओं को बढ़ाने के लिये दिया गया है।
  - यह पुरस्कार जीतने में कोच्चि ओपन मोबिलिटी नेटवर्क के गठन ने भी मदद की है ,जिसने विभिन्न परिवहन सुविधाओं को डिजीटल और एकीकृत किया है। अत: विकल्प B सही है।

22.

उत्तर: D

व्याख्या:

मास्टिटिस:

- मास्टिटिस या दुग्ध ग्रंथियों की सूजन दुनिया भर में डेयरी मवेशियों की सबसे आम और सबसे खर्चीली बीमारी है।
- कई प्रकार के बैक्टीरिया अलग-अलग मास्टिटिस संक्रमण का कारण बनते हैं।
- मास्टिटिस के इलाज में एंटीबायोटिक दवाएँ केवल नैदानिक उपचार प्रदान करती हैं लेकिन जीवाणु के संक्रमण को समाप्त नहीं कर सकती हैं।

महत्त्व:

- यह रोग दूध की गुणवत्ता में गिरावट के कारण कृषि उत्पादकता को प्रभावित कर सकता है जिससे आय-सृजन संबंधी गतिविधियाँ प्रभावित हो सकती है।
- यह एंटीबायोटिक दवाओं के उपयोग को कम करने के साथ ही कम लागत पर बीमारी के प्रभावी प्रबंधन में मदद करता है।
- संक्रमित जानवरों का उपचार एंटीबायोटिक दवाओं से करना वर्तमान समय में सार्वजनिक स्वास्थ्य के लिये खतरा बन गया है।

23.

उत्तर: A

व्याख्या:

- भौतिकी/फिज़िक्स में वर्ष 2021 के नोबेल पुरस्कार का आधा हिस्सा संयुक्त रूप से 'स्युकुरो मनाबे' और क्लॉस हेसलमैन जबकि दूसरा आधा हिस्सा 'जियोर्जियो पैरिसी' (Giorgio Parisi) को 'जटिल भौतिक प्रणालियों की समझ में अभूतपूर्व योगदान हेतु' दिया गया है।
- साहित्य में 2021 का नोबेल पुरस्कार उपन्यासकार अब्दुलराजाक गुरनाह को "उपनिवेशवाद के प्रभावों और संस्कृतियों एवं महाद्वीपों के बीच की खाई में शरणार्थी के भाग्य हेतु अडिग और करुणामय पैठ के लिये" प्रदान किया गया है।
- रसायन विज्ञान में 2021 का नोबेल पुरस्कार बेंजामिन लिस्ट और डेविड मैकमिलन को असममित ऑर्गेनोकैटलिसिस के विकास के लिये दिया गया।

- अमेरिका के दो वैज्ञानिकों- 'डेविड जूलियस' और 'अर्डेम पटापाउटियन' को तापमान एवं स्पर्श के लिये रिसेप्टर्स की उनकी खोजों हेतु फिजियोलॉजी/मेडिसिन के क्षेत्र में 'नोबेल पुरस्कार' (2021) से सम्मानित किया गया है। अत: विकल्प A सही है।

24.

उत्तर: D

व्याख्या:

- वर्ल्ड हेरिटेज इंस्टीट्यूट ऑफ ट्रेनिंग एंड रिसर्च (WHITR-AP) एक गैर-लाभकारी संगठन है जो विरासत संरक्षण के क्षेत्र में विशिष्ट स्थान रखता है।
  - यह यूनेस्को के तत्त्वावधान में विकासशील देशों में स्थापित पहला संस्थान है।
  - यह सदस्य राज्यों और यूनेस्को के सहयोगी सदस्यों की सेवा में एक स्वायत्त संस्था है।
  - इसका उद्देश्य एशिया पैसिफिक क्षेत्र में विश्व विरासत कन्वेंशन 1972 के कार्यान्वयन को मज़बूत करना है।
- वर्ल्ड हेरिटेज कन्वेंशन 1972 सबसे महत्त्वपूर्ण वैश्विक संरक्षण उपकरणों में से एक है जिसे 1972 में निर्मित किया गया था।
  - इसका उद्देश्य उत्कृष्ट सार्वभौमिक मूल्य मानी जाने वाली विश्व की प्राकृतिक और सांस्कृतिक विरासत की पहचान करना एवं उसकी रक्षा करना है।
  - यह संभावित स्थलों की पहचान करने और उनकी सुरक्षा एवं संरक्षण में राज्यों की भूमिका तथा कर्तव्यों को निर्धारित करता है। अत: कथन 1 सही है।
    - कन्वेंशन पर हस्ताक्षर करके प्रत्येक देश न केवल अपने क्षेत्र में स्थित विश्व धरोहर स्थलों को संरक्षित करने, बल्कि अपनी राष्ट्रीय विरासत की रक्षा करने हेतु भी प्रतिबद्ध होते हैं।
  - भारत इस कन्वेंशन का एक हस्ताक्षरकर्त्ता देश है और इसके 40 विश्व धरोहर स्थल हैं, जिनमें 32 सांस्कृतिक, 7 प्राकृतिक और एक मिश्रित संपत्ति शामिल हैं। अत: कथन 2 सही है।
    - तेलंगाना का रामप्पा मंदिर 39वाँ और गुजरात का धौलावीरा भारत का 40वाँ विश्व धरोहर स्थल था। अत: कथन 3 सही है।

25.

उत्तर: D

व्याख्या:

- चावल खरीफ के मौसम की फसल है जिसके लिये उच्च तापमान (25 डिग्री सेल्सियस से अधिक) और 100 सेमी. से अधिक वार्षिक वर्षा के साथ उच्च आर्द्रता की आवश्यकता होती है।
  - चावल उत्तर और उत्तर-पूर्वी भारत के मैदानी इलाकों, तटीय क्षेत्रों और डेल्टा क्षेत्रों में उगाया जाता है।
  - चावल उत्पादक राज्यों की सूची में पश्चिम बंगाल सबसे ऊपर है, उसके बाद उत्तर प्रदेश और पंजाब का स्थान है। अत: कथन 1 सही है।
- चावल की पारंपरिक किस्में मुख्य आहार में आवश्यक फैटी एसिड शामिल कर सकती हैं जो शिशुओं में सामान्य मस्तिष्क के विकास में मदद करती हैं।
- उत्तर-पूर्व भारत की सात चावल की किस्मों- मेघालय लकांग, चिंगफौरेल, मनुइखमेई, केमेन्याकेपेयु, वेनेम, थेकरुला और कोयाजंग में चावल के पौधों में पत्ती और नेकब्लास्ट रोग का प्रतिरोध करने की क्षमता है।
  - फफूँद रोगजनक पाइरिकुलेरिया ओरिज़े के कारण होने वाला नेकब्लास्ट रोग विश्व भर में चावल की उत्पादकता के लिये एक बड़ा खतरा है। अत: कथन 3 सही है।
- हाल ही में असम से बाओ-धान (रेड राइस) की पहली खेप मार्च 2021 में अमेरिका भेजी गई थी। इससे किसान परिवारों की आय में वृद्धि होगी।
  - आयरन से भरपूर इस रेड राइस को असम की ब्रह्मपुत्र घाटी में बिना किसी रासायनिक खाद के उगाया जाता है। अत: कथन 2 सही नहीं है।

26.

उत्तर: B

व्याख्या:

- युवाओं की समस्याओं को पहचानने और उन पर ध्यान दिलाने के लिये प्रत्येक वर्ष 12 अगस्त को अंतर्राष्ट्रीय युवा दिवस मनाया जाता है।
  - राष्ट्रीय युवा दिवस प्रत्येक 12 जनवरी को स्वामी विवेकानंद की जयंती के रूप में मनाया जाता है। अत: कथन 1 सही नहीं है।
- वर्ष 1999 में संयुक्त राष्ट्र ने इस दिन को प्रत्येक वर्ष अंतर्राष्ट्रीय युवा दिवस के रूप में मनाने का फैसला किया। अत: कथन 2 सही है।
  - यह संयुक्त राष्ट्र महासभा में, लिस्बन में युवाओं के कल्याण के लिये जिम्मेदार मंत्रियों के विश्व सम्मेलन द्वारा की गई एक सिफारिश पर आधारित था।
  - प्रथम अंतर्राष्ट्रीय युवा दिवस 12 अगस्त, 2000 को मनाया गया था।

27.

उत्तर: D

व्याख्या:

- 'कुवेम्पु पुरस्कार' 20वीं सदी के दिवंगत कन्नड़ कवि 'कुवेम्पु' की स्मृति में स्थापित एक राष्ट्रीय पुरस्कार है।
  - यह पुरस्कार प्रतिवर्ष भारतीय संविधान द्वारा मान्यता प्राप्त किसी भी भाषा के साहित्य में महत्त्वपूर्ण योगदान देने वाले लेखक को दिया जाता है। अत: कथन 1 सही है।
- कुप्पली वेंकटप्पा पुट्टप्पा, जिन्हें उनके उपनाम 'कुवेम्पु' के नाम से जाना जाता है, एक भारतीय कवि, नाटककार, उपन्यासकार और आलोचक थे।
  - उन्हें मुख्य तौर पर 20वीं सदी के सबसे महान कन्नड़ कवियों में से एक माना जाता है। अत: कथन 2 सही है।
- वह कन्नड़ भाषा के पहले लेखक थे जिन्हें रामायण के उनके स्वयं के संस्करण 'श्री रामायण दर्शनम' के लिये ज्ञानपीठ पुरस्कार से सम्मानित किया गया था। अत: कथन 3 सही है।

28.

उत्तर: A

व्याख्या:

- विश्व दुग्ध दिवस वर्ष 2001 में खाद्य और कृषि संगठन (FAO) द्वारा स्थापित किया गया था। इस दिन का उद्देश्य डेयरी क्षेत्र से जुड़ी गतिविधियों पर ध्यान आकर्षित करने का अवसर प्रदान करना है। अत: कथन 1 सही नहीं है।
  - FAO संयुक्त राष्ट्र की विशिष्ट एजेंसियों में से एक है जो भुखमरी को समाप्त करने के लिये अंतर्राष्ट्रीय प्रयासों का नेतृत्व करता है।
- विश्व दुग्ध दिवस के अवसर पर मत्स्य पालन, पशुपालन और डेयरी मंत्रालय ने गोपाल रत्न पुरस्कार शुरू करने और उमंग प्लेटफॉर्म के साथ ई-गोपाला एप के एकीकरण की घोषणा की।
  - गोपाल रत्न पुरस्कार मवेशी और डेयरी क्षेत्र के लिये राष्ट्रीय पुरस्कार हैं, पुरस्कार स्वदेशी नस्ल के सर्वश्रेष्ठ झुंड को बढ़ावा देने और सर्वोत्तम प्रबंधन प्रथाओं का अभ्यास करने के लिये शुरू किया गया है जिसकी तीन श्रेणियाँ हैं:
    - सर्वश्रेष्ठ डेयरी किसान।
    - सर्वश्रेष्ठ कृत्रिम गर्भाधान तकनीशियन (AIT)।
    - सर्वश्रेष्ठ डेयरी सहकारी/दुग्ध उत्पादक कंपनी/किसान उत्पादक संगठन। अत: कथन 2 सही है।

29.

उत्तर: A

व्याख्या:

कुवेम्पु पुरस्कार:

- यह 20वीं सदी के दिवंगत कन्नड़ कवि 'कुवेम्पु' की स्मृति में स्थापित एक राष्ट्रीय पुरस्कार है।
- यह पुरस्कार प्रतिवर्ष भारतीय संविधान द्वारा मान्यता प्राप्त किसी भी भाषा के साहित्य में महत्त्वपूर्ण योगदान देने वाले लेखक को दिया जाता है। अत: युग्म 3 सही सुमेलित नहीं है।
- इस पुरस्कार के तहत विजेताओं को 5 लाख रुपए का नकद पुरस्कार तथा एक रजत पदक एवं एक प्रशस्ति-पत्र प्रदान किया जाता है।

ज्ञानपीठ पुरस्कार:

- यह भारत में प्रतिवर्ष प्रदान किये जाने वाला सबसे प्रमुख साहित्यिक पुरस्कार है और यह एक वर्ष में एक ही भारतीय नागरिक को प्रदान किया जा सकता है। अत: युग्म 1 सही सुमेलित नहीं है।
- भारतीय संविधान (8वीं अनुसूची) में उल्लिखित भाषाओं के साथ-साथ अंग्रेज़ी भाषा के लेखकों का चयन भी इस पुरस्कार के लिये किया जा सकता है।
- इस पुरस्कार के तहत 11 लाख रुपए की धनराशि, प्रशस्ति-पत्र तथा वाग्देवी (सरस्वती) की कास्य की प्रतिमा प्रदान की जाती है।
- यह पुरस्कार सांस्कृतिक संगठन 'भारतीय ज्ञानपीठ' द्वारा प्रायोजित है।

साहित्य अकादमी पुरस्कार:

- अकादमी द्वारा प्रत्येक वर्ष स्वयं द्वारा मान्यता प्रदत्त 24 भाषाओं में साहित्यिक कृतियों के साथ ही इन्हीं भाषाओं में परस्पर साहित्यिक अनुवाद के लिये भी पुरस्कार प्रदान किये जाते हैं।
- भारतीय संविधान में शामिल 22 भाषाओं के अलावा साहित्य अकादमी ने अंग्रेज़ी तथा राजस्थानी को भी उन भाषाओं के रूप में मान्यता दी है, जिनमें अकादमी द्वारा कार्यक्रम आयोजित किये जाते हैं और पुरस्कार प्रदान किये जाते हैं।
- ज्ञानपीठ पुरस्कार के बाद साहित्य अकादमी पुरस्कार, भारत सरकार द्वारा दिया जाने वाला दूसरा सबसे बड़ा साहित्यिक सम्मान है।

गंगाधर राष्ट्रीय पुरस्कार:

- गंगाधर राष्ट्रीय पुरस्कार संबलपुर विश्वविद्यालय द्वारा मुख्यत: कविता हेतु साहित्य के क्षेत्र में दिया जाने वाला एक साहित्यिक पुरस्कार है। इसका नाम गंगाधर मेहर के नाम पर रखा गया है। अत: युग्म 2 सही सुमेलित है।
- इस पुरस्कार के तहत 50,000 रुपए नकद, एक शॉल और प्रशस्ति पत्र दिया जाता है।

30.

उत्तर: B

व्याख्या:

- साहित्य अकादमी पुरस्कार वर्ष 1954 में स्थापित, एक साहित्यिक सम्मान है। यह पुरस्कार साहित्य अकादमी (नेशनल एकेडमी ऑफ लेटर्स) द्वारा प्रतिवर्ष प्रदान किया जाता है।
    - साहित्य अकादमी पुरस्कार, ज्ञानपीठ पुरस्कार के बाद भारत सरकार द्वारा प्रदान किया जाने वाला दूसरा सबसे बड़ा साहित्यिक सम्मान है। अत: कथन 1 सही नहीं है।
- पुरस्कार विजेता के चयन हेतु मानदंड:
    - लेखक के पास अनिवार्य रूप से भारतीय राष्ट्रीयता होनी चाहिये। अत: कथन 2 सही है।
    - पुरस्कार के लिये पात्र पुस्तक/रचना का संबंधित भाषा और साहित्य के क्षेत्र में एक उत्कृष्ट योगदान होना चाहिये।
- अंग्रेज़ी भाषा में रचना हेतु साहित्य अकादमी पुरस्कार की शुरुआत वर्ष 1960 में हुई तथा सबसे पहले यह पुरस्कार आर. के. नारायण को उनके उपन्यास 'द गाइड' के लिये दिया गया। अत: कथन 3 सही नहीं है।
    - वर्ष 2018 में लेखक अमिताव घोष ज्ञानपीठ पुरस्कार प्राप्त करने वाले अंग्रेज़ी भाषा के पहले लेखक बने।

31.

उत्तर: (A)

व्याख्या

- इस वार्षिक पुरस्कार को भारत सरकार द्वारा वर्ष 1995 में महात्मा गांधी की 125वीं जयंती के उपलक्ष्य में अहिंसा के माध्यम से सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक परिवर्तन लाने वाले लोगों की पहचान करने हेतु स्थापित किया गया था। अत: कथन 1 सही है।
- इसमें एक करोड़ रुपए नकद राशि, एक पट्टिका और एक प्रशस्ति पत्र तथा एक उत्कृष्ट पारंपरिक हस्तकला/हथकरघा उत्पाद शामिल होता है।
- यह पुरस्कार किसी व्यक्ति, संघ, संस्थान अथवा संगठन को दिया जा सकता है
    - इस पुरस्कार को दो व्यक्तियों/संस्थानों के बीच विभाजित भी किया जा सकता है, यदि चयनकर्त्ता यह मानते हैं कि वे दोनों समान रूप से पुरस्कार के योग्य है।
    - यह राष्ट्रीयता, पंथ, नस्ल या लिंग आदि के आधार पर भेदभाव किये बिना सभी को प्रदान किया जा सकता है।
- विजेताओं का चयन करने वाली समिति में प्रधानमंत्री, देश का मुख्य न्यायाधीश, लोकसभा में सबसे बड़े विपक्षी दल का नेता, लोकसभा अध्यक्ष तथा सुलभ इंटरनेशनल का संस्थापक शामिल हैं और इसकी अध्यक्षता प्रधानमंत्री द्वारा की जाती है। अत: 2 सही नहीं है।

32.

उत्तर: B

व्याख्या:

- पद्म पुरस्कारों की घोषणा प्रतिवर्ष गणतंत्र दिवस (26 जनवरी) पर की जाती है।
    - वर्ष 1954 में स्थापित यह पुरस्कार संक्षिप्त रूप से वर्ष 1978, वर्ष 1979 और वर्ष 1993 से वर्ष 1997 के दौरान निलंबित हुआ।
- यह भारत के सर्वोच्च नागरिक सम्मानों में से एक है। पद्म पुरस्कार की एक उच्च श्रेणी किसी व्यक्ति को पहले के पद्म पुरस्कार से कम-से-कम पाँच साल के अंतराल के बाद ही प्रदान की जा सकती है। अत: कथन 2 सही है।
- श्रेणियाँ- ये पुरस्कार तीन श्रेणियों में दिये जाते हैं:
    - पद्म विभूषण (असाधारण और विशिष्ट सेवा के लिये)
    - पद्म भूषण (उच्च क्रम की विशिष्ट सेवा)
    - पद्म श्री (प्रतिष्ठित सेवा)
    - पद्म भूषण और पद्म श्री के बाद पद्म पुरस्कारों के पदानुक्रम में पद्म विभूषण सर्वोच्च है। अत: कथन 1 सही नहीं है।